*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पंतनगर विश्वविद्यालय की पीएचडी छात्रा का यूसीडी में चयन

पंतनगर। 21 जनवरी 2026। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के समुदाय विज्ञान महाविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग की पीएचडी छात्रा जिज्ञासा राहल का यूनिवर्सिटी कॉलेज डबलिन (यूसीडी), आयरलैंड के इंस्टीट्यूट ऑफ फूड एंड हेल्थ की रिसर्चर बर्सरी 2026 के लिए चयन हुआ है। यह चार सप्ताह का शोध कार्य प्रोफेसर आइलीन गिब्ने एवं डा. अर्चना कुशवाहा के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। इस बर्सरी के अंतर्गत छात्रा को पूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक गतिशीलता को बढ़ावा मिलेगा। समुदाय विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठात्री डा. अल्का गोयल तथा अंतर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक डा. एच.जे. शिवा प्रसाद के मार्गदर्शन एवं सान्निध्य में यह अवसर प्राप्त हुआ है। आयरलैंड की यात्रा भारत से यूसीडी इंस्टीट्यूट तक पूर्णतः वित्तपोषित होगी। यह उपलब्धि पंतनगर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत कृष्टता को दर्शाती है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डा.) मनमोहन सिंह चौहान के आशीर्वाद से छात्रों को ऐसे वैश्विक अवसर प्राप्त हो रहे हैं। यह चयन खाद्य विज्ञान एवं पोषण अनुसंधान के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति का प्रतीक है।

